रजिस्टर्ड।

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3

संख्या-20/2025/70के-2/22-3-24-17(68)/2024

लखनऊ : दिनांक: 25 जनवरी, 2025

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, 'भारत का संविधान' के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए शासनादेश संख्या-564/2018/1106/22-2-2018-07जी/2018, दिनांक 01 अगस्त, 2018 एवं सपठित संशोधन विषयक शासनादेश संख्या-120/2021/1382/22-2-2021-07जी/2018, दिनांक 28.07.2021 व शासनादेश संख्या-52/2022/1240/22-2-2022-07जी0/2018, दिनांक 27.05.2022 के प्रस्तर-1 एवं 2(ख) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस, 2023 (10 दिसम्बर, 2023) के अवसर पर केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी विनोद (बन्दी संख्या-17837) पुत्र श्री जयदयाल जाटव, निवासी नन्दराम चौक नई बस्ती, थाना-दक्षिण, जनपद-फिरोजाबाद, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-20/2006 में भा0द0वि0 की धारा-393, 302/34 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, विशेष न्यायाधीश (द0प्र0क्षेत्र) कोर्ट संख्या-04, फिरोजाबाद के आदेश दिनांक 02-09-2013 द्वारा आजीवन करावास से दण्डित किया गया, द्वारा जेल रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 10-12-2023 तक 17 वर्ष, 10 माह, 11 दिन की अपरिहार तथा 20 वर्ष, 22 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है तथा जेल आचरण संतोषजनक है, की शेष सजा का परिहार करते हैं तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बन्दी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में विधि सम्मत आचरण एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूपये 50,000/-(रूपये पचास हजार मात्र) से अनधिक धनराशि का एक निजी मुचलका अपने सम्बन्धित कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक को प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

विनोद कुमार द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- **पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उ0प्र0, लखनऊ।**
2- **वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, आगरा।**
3- **जिला मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद।**
4- **पुलिस अधीक्षक, फिरोजाबाद।**
5- **निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।**
6- **निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।**
7- **कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन।**
8- **गार्ड फाइल।**

आज्ञा से,
अनीस अख्तर अंसारी
अनुसचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in